दिनांक–30.06.2024
समय–7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

1. भारत ने आई सी सी पुरूष टी-20 वर्ड कप का खिताब जीता। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने टीम को बधाई दी।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
3. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा- 5 जुलाई को प्रदेश की पात्र लाडली बहनों के खातों टांसफर की जाएगी सहायता राशि।
4. राजधानी भोपाल में कल जम कर बरसे बदरा, प्रदेश के ग्वालियर, मुरैना और जबलपुर में तेज बारिश का अलर्ट।

टी20-फाइनल

भारत ने आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप-2024 का खिताब जीत लिया है। यह भारत का 17 साल बाद दूसरा टी-20 विश्व कप खिताब है। रोहित शर्मा की कप्तानी में कल बारबोडास के किंग्स्टन ओवल में खेले गए रोमांचक फाइनल मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ये जीत हासिल की। भारत की इस रोमांचक जीत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय टीम को बधाई दी। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने विराट कोहली के 59 गेंदों पर 76 रन और अक्षर पटेल के 31 गेंदों पर 47 रनों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन बनाए। पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में किसी भी टीम का यह सर्वाधिक स्कोर है।177 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका हेनरिक क्लासेन के 52 रनों की मदद से आठ विकेट पर 169 रन ही बना सका। विराट कोहली को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आठ मैचों में 15 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से सम्मानित किया गया।  पुरस्कार प्राप्त करने के बाद टीम के वरिष्ठ खिलाडी विराट कोहली ने टी-ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले लिया।

मैच के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान रोहित शर्मा ने भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। रोहित शर्मा ने कहा कि इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह वनडे और टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि कभी न हार मानने की भावना के साथ

भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह मैच ऐतिहासिक था, देश को भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत इस शानदार जीत से उत्साहित है।

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद 'मन की बात' की यह पहली कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और newsonair मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

प्रधानमंत्री-गृहमंत्री अमरनाथ यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र अमरनाथ यात्रा की शुरुआत पर सभी तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि बाबा बर्फानी के दर्शन और पूजा से जुड़ी यह यात्रा भगवान शिव के भक्तों में अपार ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने कामना की कि बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से सभी भक्तों का कल्याण हो। इस बीच अमरनाथ की तीर्थयात्रा सुचारू रूप से चल रही है। देश के अलग-अलग हिस्सों से तीर्थयात्री श्री अमरनाथ की यात्रा के लिए प्रतिदिन "मंदिरों के शहर" जम्मू पहुंच रहे हैं।

उधर गृह मंत्री अमित शाह ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा भारतीय संस्कृति की परम्परा और निरंतरता का शाश्वत प्रतीक है। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव व्यवस्था की है कि श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

सीएम अन्न उत्सव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि 5 जुलाई को प्रदेष की पात्र लाडली बहनों के खातों सहायता राशि टांसफर की जाएगी। यह राशि किसी भी तरह से रूकने वाली नहीं है। उन्होने कल बालाघाट मे श्री अन्न उत्सव और किसान सम्मान समारोह के दौरान ये बात कही।

उन्होंने कहा जबलपुर में आगामी समय में होने वाली समिट के माध्यम से बालाघाट और अंचल में उद्योंगों को बढावा दिया जाएगा। युवाओं के लिए जुलाई महीने में बालाघाट को भी एक्सीलेंस कॉलेज की सौगात मिलेगी। उन्होंने कहा राज्य सरकार रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन जैसी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से श्री अन्न उत्पादन करने वाले किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत है। मिलेट उत्पादन में बालाघाटा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। केंद्र सरकार कोदो-कुटकी को एमएसपी पर खरीदने जा रही है और हम उस पर अलग से अनुदान भी देंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा हमारी सरकार कोशिश कर रही है कि आने वाले समय में सेलर एनर्जी के माध्यम से किसानों को मुफत बिजली मिले। इसके पहले एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बालाघाट में शौर्य और पराक्रम के प्रतीक वीर जवानों के क्रम से पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह में सहभागिता की। उन्होंने जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोषन देकर सम्मानित किया।

मतदाता सूची

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची एक जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया है कि रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण 2 जुलाई तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तिकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 4 जुलाई तक दिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया जाएगा।

मानसून

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मॉनसून राजस्थान के कुछ हिस्सों, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश के शेष हिस्सों, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और उत्तराखंड के शेष भागों में आगे बढ़ गया है। राजधानी भोपाल में भी कल

दोपहर और शाम तेज बारिश हुई। आज सुबह भी आसमान में बादलो का ढेरा था और हल्की हल्की बूंदा बारी का दौर जारी था।

उधर, मौसम विभाग ने प्रदेष के ग्वालियर, मुरैना और जबलपुर में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। गरज-चमक के साथ बिजली भी गिर सकती है। इस बीच सागर, सीहोर, राजगढ़, बैतूल, विदिशा, गुना, देवास, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा, अनूपपुर के अमरकंटक, शहडोल, दमोह, मंडला में हल्की गरज के साथ तेज बारिश का दौर जारी है।

वहीं श्योपुरकलां, खरगोन, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, इंदौर, पन्ना, जबलपुर, खंडवा, कटनी, सीधी, हरदा, उमरिया, उज्जैन, छतरपुर के खजुराहो, रीवा, डिंडोरी, मंदसौर, अलीराजपुर, रायसेन के सांची और भीमबेटका, धार, आगर, नरसिंहपुर, बड़वानी, शाजापुर, शिवपुरी में भी मौसम बदलने का अनुमान जताया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- डूब प्रभावित हरसूद की बीसवीं बरसी पर आज कई कार्यक्रम होंगे। पुराने हरसूद स्थित एकमात्र खेड़ापति हनुमान मंदिर पर पहुंचकर विस्थापित संघ के लोग पूजा अर्चना करेंगे।
- देवास में पेयजल संकट से निपटने के लिए अमृत संचय अभियान चलाकर वर्षा जल को सहेजने का काम शुरू किया गया है। इस अभियान में बारिश के दिनों में होने वाली वर्षा के जल को पाईप के माध्यम से सीधे धरती में उतारने के लिए रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जा रहे है।
- खंडवा में नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा एक जुलाई से तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया जाएगा।
- छिन्दवाड़ा में कलेक्टर के निर्देशन पर पेसा एक्ट नियम के अनुसार गांव के पारंपरिक तरीके से ही छोटे-मोटे मामले जैसे आपसी विवाद, घरेलु विवाद व जमीनी विवाद आदि सभी मामलों का निपटारा ग्राम सभा के माध्यम से ही किया जा रहा है।
- बैतूल जिले में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने आगामी चार माह तक नदी, नालों से रेत के उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर-

- भारत ने आई सी सी पुरूष टी-20 वर्ड कप का खिताब जीता। राष्ट्रपति,

प्रधानमंत्री ने टीम को बधाई दी, विश्व भर से बधाईयो का सिलसिला जारी।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा- 5 जुलाई को प्रदेश की पात्र लाडली बहनों के खातों टांसफर की जाएगी सहायता राशि।
- राजधानी भोपाल में कल जम कर बरसे बदरा, प्रदेश के ग्वालियर, मुरैना और जबलपुर में तेज बारिश का अलर्ट।